**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** | **Code No. 1213**

**Series : SS/Annual-Exam.-2024**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# इतिहास

# HISTORY

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **24** तथा प्रश्न **34** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **24** in number and it contains **34** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

***सामान्य निर्देश :***

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल* **34** *प्रश्न हैं, जो कि* ***पाँच*** *खण्डों* ***'क', 'ख', 'ग', 'घ'*** *तथा* ***'ङ'*** *में विभक्त हैं।* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) ***खण्ड - 'क'*** *में प्रश्न संख्या* **1** *से* **21** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। *प्रत्येक प्रश्न* **1** *अंक का है। निर्देशानुसार इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(iii) ***खण्ड - 'ख'*** *में प्रश्न संख्या* **22** *से* **27** *तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* **3** *अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **60-80** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(iv) ***खण्ड - 'ग'*** *में प्रश्न संख्या* **28** *से* **30** *तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* **8** *अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **300-350** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) ***खण्ड - 'घ'*** *में प्रश्न संख्या* **31** *से* **33** *तक चार उप प्रश्नों (i-iv) के साथ स्रोत आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* **4** *अंकों का है।*

(vi) ***खण्ड - 'ङ'*** में *प्रश्न संख्या* **34** *मानचित्र आधारित है, जिसके* **5** *अंक हैं। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

(vii) *कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प उपलब्ध हैं। ऐसे प्रश्नों में से आपको* ***केवल एक*** *ही प्रश्न करना है।*

***General Instructions :***

(i) *This question-paper contains* ***34*** *questions in all, which are divided into* ***five*** *Sections : '**A**', '**B**', '**C**', '**D**' and* ***E****.* ***All questions are compulsory****.*

*(ii)* ***Section – 'A'*** *consists of Question Nos.* **1** *to* **21** *Objective Type Questions, carrying* ***1*** *mark each. Answer these questions as per directions.*

*(iii)* ***Section – 'B'*** *consists of Question Nos.* **22** *to* **27** *are Short Answer Type Questions, carrying* **3** *marks each. Answer to each question should not exceed* **60-80** *words.*

*(iv)* ***Section – 'C'*** *consists of Question Nos.* **28** *to* **30** *are Long Answer Type Question, carrying* **8** *marks each. Answer to each question should not exceed* **300-350** *words.*

*(v)* ***Section – 'D'*** *consists of Question Nos.* **31** *to* **33** *are Source Based Questions with* ***four*** *sub question (i-iv) and are of* **4** *marks each.*

*(vi)* ***Section – 'E'*** *consists of Question No.* **34** *Map based, carrying* **5** *marks. Attached the map with answer-book.*

*(vii)* *An internal choice is available in some questions. You have to attempt* ***only one*** *of the given choice in such questions.*

## खण्ड – क

## SECTION – A

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

### (Objective Type Questions)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के **सही** विकल्प चुनिए :*

***Direction :*** *Choose the **correct** alternatives of the following multiple choice type questions :*

**1.** निम्न में से कौन-सा भवन हड़प्पा संस्कृति से सम्बन्धित ***नहीं*** है ? 1

(A) स्नानागार (B) विशाल गोदाम

(C) अन्नागार (D) पिरामिड

Which of the following building does ***not*** belong to the Harappan Culture ?

(A) Bathroom (B) Huge Warehouse

(C) Granary (D) Pyramid

**2.** कुरु जनपद की राजधानी थी : 1

(A) वैशाली (B) इन्द्रप्रस्थ

(C) श्रावस्ती (D) राजगृह

The capital of Kuru Janapada was :

(A) Vaishali (B) Indraprastha

(C) Shravasti (D) Rajgriha

**3.** महाभारत का युद्ध किस स्थान पर हुआ था ? 1

(A) इन्द्रप्रस्थ (B) कुरुक्षेत्र

(C) वैशाली (D) राजगृह

At which place did the war of Mahabharata take place ?

(A) Indraprastha (B) Kurukshetra

(C) Vaishali (D) Rajgriha

**4.** कहाँ भगवान बुद्ध ने सच्चा ज्ञान प्राप्त किया ? 1

(A) लुंबिनी (B) कुशीनगर

(C) सारनाथ (D) बोध गया

Where Lord Buddha attained true knowledge ?

(A) Lumbini (B) Kushinagar

(C) Sarnath (D) Bodh Gaya

**5.** कबीर के गुरु कौन थे ? 1

(A) संत रैदास (B) बाबा फरीद

(C) रामानन्द जी (D) सन्त नामदेव

Who was Kabir's Guru ?

(A) Saint Raidas (B) Baba Farid

(C) Ramanand Ji (D) Saint Namdev

**6.** 'प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस' का आह्वान किया : 1

(A) हिन्दू महासभा ने (B) कांग्रेस ने

(C) अकाली दल ने (D) मुस्लिम लीग ने

'Direct Action Day' was called for by :

(A) Hindu Mahasabha (B) Congress

(C) Akali Dal (D) Muslim League

**7.** 'हरिजन' नामक अखबार निकाला : 1

(A) जवाहरलाल नेहरू ने (B) महात्मा गाँधी ने

(C) मुहम्मद अली जिन्नाह ने (D) डॉ० अम्बेडकर ने

A newspaper named 'Harijan' was published by :

(A) Jawaharlal Nehru

(B) Mahatma Gandhi

(C) Muhammad Ali Jinnah

(D) Dr. Ambedkar

**8.** भारतीय संविधान का निम्नलिखित अभिलक्षण विश्व के लिए एक उदाहरण था : 1

(A) संप्रभु गणराज्य (B) पूर्ण वयस्क मताधिकार

(C) लोकतन्त्र (D) मौलिक अधिकार

The following characteristics of the Indian Constitution were an example for the World :

(A) Sovereign Republic (B) Full Adult Franchise

(C) Democracy (D) Fundamental Rights

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द/वाक्य** में दीजिए :*

***Direction :** Answer the following questions in **one word/sentence** :*

**9.** हड़प्पा सभ्यता के लोग किस पशु की पूजा करते थे ? 1

Which animal did the people of Harappan Civilization Worship ?

**10.** भारत के सबसे प्राचीन विधि ग्रन्थ का नाम बताइये। 1

What was the name of the oldest law book of India ?

**11.** 'रिहला' तथा 'ट्रैवल्स इन द मुगल एंपायर' के लेखक कौन थे ? 1

Who was the author of 'Rihla' and 'Travels in the Mughal Empire' ?

**12.** विजयनगर के शासकों को क्या कहा जाता था ? 1

The Rulers of Vijayanagar were called ?

**13.** गाँधी जी ने अपना राजनीतिक गुरु किसे माना ? 1

Whom did Gandhi Ji consider as his Political Guru ?

***निर्देश : रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों द्वारा कीजिए :***

***Direction : Fill in the blanks by appropriate words :***

**14.** पुरुषसूक्त में ............. वर्णों का उल्लेख मिलता है। 1

............ Varnas are mentioned in Purushasukta.

**15.** पंच अणुव्रत का सम्बन्ध ............. धर्म से है। 1

Panch Anuvrat is related to ............. Religion.

**16.** आदि ग्रन्थ 'साहिब' का संकलन ............. ने किया। 1

Adi Granth 'Sahib' was compiled by ............. .

**17.** विजयनगर में घोड़ों के व्यापारियों को ............. कहा जाता था। 1

Horse traders in Vijayanagara were called ............. .

**18.** लखनऊ में विद्रोह के समय लोगों ने ............. को अपना नेता घोषित किया। 1

During the rebellion in Lucknow, people declared ............. as its leader.

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र० सं०* **19** *से* **21**) *में* ***दो-दो*** *कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को* ***अभिकथन (A)*** *और दूसरे को* ***कारण (R)*** *द्वारा अंकित किया गया है। इन दोनों कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए* ***विकल्पों*** *(A), (B), (C) व (D) में से उत्तर के रूप में* ***सही*** *विकल्प चुनिए :*

***Direction :*** *The following questions (Q. No.* **19** *to* **21** *) are* ***two*** *statements each, one label as* ***Assertion (A)*** *and the other labels as* ***Reason (R)****. Read both these statements carefully and choose the correct option as your answer from the* ***options*** *(A), (B), (C) and (D) given below :*

**19.** **अभिकथन (A) :** डॉ० वी० ए० स्मिथ ने समुद्रगुप्त को नेपोलियन की संज्ञा दी।

**कारण (R) :** समुद्रगुप्त के नेपोलियन के साथ अच्छे सम्बन्ध थे।

***विकल्प :*** 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

(D) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

**Assertion (A) :** Dr. V. A. Smith called Samudragupta the Indian Napoleon.

**Reason (R) :** Samudragupta had good relation with Napoleon.

***Option :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.

(D) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

**20. अभिकथन (A) :** झाँसी में क्रान्ति का नेतृत्व रानी लक्ष्मीबाई ने किया था।

**कारण (R) :** शाहमल ने कानपुर में क्रान्ति के लिए काश्तकारों को संगठित किया।

*विकल्प :* 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

(D) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

**Assertion (A) :** The revolution in Jhansi was led by Rani Lakshmi Bai.

**Reason (R)** **:** Shahmal organized the peasants for revolution in Kanpur.

***Option :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not correct explanation of Assertion (A).

(C) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.

**21. अभिकथन (A) :** लाल, बाल और पाल इन तीनों का यह जोड़ उनके संघर्ष के अखिल भारतीय चरित्र की सूचना देता था।

**कारण (R)** : इन तीनों के निवास-स्थान एक-दूसरे से बहुत दूर थे।

*विकल्प :* 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

(D) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

**Assertion (A) :** This combination of Lal, Bal and Pal gave All India information about their struggle.

**Reason (R) :** The residence of these three were far away from each other.

***Option :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.

(D) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

## खण्ड – ख

## SECTION – B

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

### (Short Answer Type Questions)

**22.** अशोक के अभिलेखों के ऐतिहासिक महत्त्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

Write a short note on the historical importance of Ashoka's Inscriptions.

अथवा

OR

कौटिल्य के अर्थशास्त्र पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write a short note on Kautilya's Arthashastra.

**23.** मनुस्मृति में चाण्डालों के क्या कर्त्तव्य बताए गए हैं ? 3

What are the duties of Chandals mentioned in Manusmriti ?

**24.** छठीं शताब्दी ई० पू० को भारतीय इतिहास में महत्त्वपूर्ण क्यों माना जाता है ? 3

Why is Sixth Century B. C. considered important in Indian History ?

**25.** नायक तथा अमर नायक कौन थे ? विजयनगर के प्रशासन में उनकी भूमिका का वर्णन कीजिए। 3

Who were the Nayaks and Amar Nayaks ? Describe their role in the administration of Vijayanagara.

**26.** 'चरखे' को राष्ट्रवाद का प्रतीक क्यों चुना गया ? 3

Why was the 'Charkha' chosen as a symbol of Nationalism ?

अथवा

OR

भारत का राष्ट्रपिता किसे कहा गया और क्यों ?

Who was called the Father of the Nation of India and why ?

**27.** भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएँ लिखिए। 3

Write the main features of the Indian Constitution.

**खण्ड – ग**

**SECTION – C**

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

**(Long Answer Type Questions)**

**28.** हड़प्पावासियों के सुदूर क्षेत्रों से संपर्क थे। उदाहरण दीजिए। 8

The Harappans had contact with remote areas. Give examples.

**अथवा**

**OR**

हड़प्पा सभ्यता के शिल्प उत्पादों पर एक लेख लिखिए।

Write an article on the Craft Products of Harappan Civilization.

**29.** गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए। क्या वे कोई नया धर्म स्थापित करना चाहते थे ? 8

Explain the teachings of Guru Nanak Dev Ji. Did they want to establish a new religion ?

**अथवा**

**OR**

क्यों और किस तरह शासकों ने नयनार और सूफ़ी संतों से अपने सम्बन्ध बनाने का प्रयास किया ?

Why and how did the rulers try to establish their relations with Nayanars and Sufi saints ?

**30.** 1857 ई० के विद्रोह को कुचलने के लिए अंग्रेज सरकार की नीति व उठाए गए कदमों का वर्णन कीजए। 8

Describe the policy and steps taken by the British Government to crush the Rebellion of 1857 A. D.

**अथवा**

**OR**

1857 ई० के घटना क्रम को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी ?

To what extent did religious beliefs play a role in the determining the event of 1857 A. D.

## खण्ड – घ

## SECTION – D

## (स्रोत आधारित प्रश्न)

## (Source Based Questions)

***निर्देश :*** *प्रश्न संख्या* **31** *से* **33** *तक के स्रोतों को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

***Direction :*** *Read the Sources of Question Nos.* **31** *to* **33** *carefully and answer the questions that follow :*

**31.** ***घोंसले से निकलता पक्षी***

*यह रिहला से लिया गया एक उदाहरण है :*

अपने जन्म-स्थान तैजियर से मेरा प्रस्थान गुरुवार को हुआ .... मैं अकेला ही निकल पड़ा, बिना किसी साथी यात्री .... या कारवाँ के जिसकी टोली में मैं शामिल हो सकूँ, लेकिन अपने अन्दर एक अधिप्रभावी आवेश और इन प्रसिद्ध पुण्य स्थानों को देखने की इच्छा जो लम्बे समय से मेरे अंतःकरण में थी, से प्रभावित होकर। इसलिए मैंने अपने प्रियजनों को छोड़ जाने के निश्चय को दृढ़ किया और अपने घर को ऐसे ही छोड़ दिया जैसे पक्षी अपने घोंसले को छोड़ देते हैं .... उस समय मेरी उम्र 22 वर्ष थी।

इब्नबतूता 1354 में घर वापस पहुँचा, अपनी यात्रा आरम्भ करने के लगभग तीस वर्ष बाद।

*प्रश्न :* 1 × 4 = 4

(i) रिहला क्या है ?

(ii) इब्नबतूता अपनी यात्रा के लिए अकेला ही क्यों निकल पड़ा ?

(iii) इब्नबतूता अपने देश कब वापिस गया तथा उस समय उसकी आयु कितनी थी ?

(iv) इब्नबतूता का जन्म कहाँ हुआ था ?

***Bird Emerging from Nest***

*This is a quote from Rihla :*

My departure from Taijiar the place of my birth, took place of Thursday .... . I set out alone, without any fellow traveler .... or Carwain whose company I could join, but with an overriding impulse and a desire to see these famous holy places which have long been from time to time in my conscience. Being influenced. So I gave up my resolve to leave my loved ones and left my home like birds leave their nests. I was twenty two years old that time. ....

Ibnbattuta returned home in 1354, almost thirty years after beginning his journey.

***Questions :***

(i) What is Rihla ?

(ii) Why did Ibnbattuta set out alone on his journey ?

(iii) When did Ibnbattuta return to his country and what was his age at that time ?

(iv) Where was Ibnbattuta born ?

**32.** *नकद या जीन्स ?*

*आइन से यह एक और अनुच्छेद है :*

अमील गुजार सिर्फ नकद लेने की आदत न डालें बल्कि फसल भी लेने के लिए तैयार रहें। यह बाद वाला तरीका कई तरह से काम में लाया जा सकता है। पहला कण कुत : हिन्दी जुबान में कण का मतलब है अनाज और कुत अन्दाजा .... अगर कोई शक हो तो फसल को तीन अलग-अलग पुलिन्दों में काटना चाहिए – अच्छा, मध्यम और बदतर और इस तरह शक दूर करना चाहिए। अकसर अन्दाज से किया गया जमीन का आकलन भी पर्याप्त रूप से सही नतीजा देता है। दूसरा बटाई जिसे भाओली भी कहते हैं (में) फसल काट कर जमा कर लेते हैं। और फिर सभी पक्षों की मौजूदगी में व रजामंदी में बटवारा करते हैं। लेकिन इसमें कई समझदार निरीक्षकों की जरूरत पड़ती है। वर्ना दुष्ट-बुद्धि और मक्कार धोखेबाजी की नीयत रखते हैं। तीसरे

खेत बटाई जब वे बीज बोने के बाद खेत बाँट लेते हैं। चौथे लॉग बटाई; फसल काटने के बाद, वे इसका ढेर बना लेते हैं और फिर उसे अपने में बाँट लेते हैं। और हरेक (पक्ष) अपना हिस्सा घर ले जाता है। और उससे मुनाफा कमाता है।

*प्रश्न :* $1 \times 4 = 4$

(i) फसल को कौन-से तीन पुलिन्दों में काटना चाहिए ?

(ii) फसल बाँटने का चौथा तरीका कौन-सा था ?

(iii) कण कुत : का अर्थ बताइये।

(iv) भाओली किसे कहा जाता था ?

***Cash or Jeans***

*This Another Paragraph from Ain.*

Amil Gujar should not only develop the habit of taking cash but should also be ready to take crops. This latter method is used in many ways can be used from first Kan Kut : In Hindi language Kan means grain and Kut, Guess ...... . If there is any doubt the crop should be cut into three separate bundles ....... good, medium and bad and so doubts should be removed. Often even an approximate land assessment gives a fairly accurate result. Second Batai, also known as Bhaoli (in) harvest and collect the crop, and then in the presence and consent of all parties let's divide. But it requires many wise Inspectors, otherwise wicked intelligence and deceitful deceit have the intention of, Thirdly field sharing when

they divide the field after sowing the seeds. Fourth log sharing after harvestings. They make a heap of it and then divide in among themselves, and each party takes home his share and earn profits.

***Questions :***

(i) In which three bundles should the crop cut ?

(ii) What was the fourth method of harvesting ?

(iii) Explain the meaning of Kan Kut.

(iv) What was called Bhaoli ?

**33.** *उस दिन सूपा में*

*16 मई, 1875 को पूना के जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस आयुक्त को लिखा :*

शनिवार दिनांक 15 मई को सूपा में आने पर मुझे इस उपद्रव का पता चला। एक साहूकार का घर पूरी तरह जला दिया गया, लगभग एक दर्जन मकानों को तोड़ दिया गया और उनमें घुसकर वहाँ के सारे सामान को आग लगा दी गई। खाते पत्र, बांड, अनाज, देहाती कपड़ा, सड़कों पर लाकर जला दिया गया, जहाँ राख के ढेर अब भी देखे जा सकते हैं।

मुख्य कांस्टेबल ने 50 लोगों को गिरफ्तार किया। लगभग 2,000 रु० का चोरी का माल छुड़ा लिया गया। अनुमानतः 25,000 रु० से अधिक की हानि हुई। साहूकारों का दावा है कि 1 लाख रु० से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

*प्रश्न :* $1 \times 4 = 4$

(i) 16 मई, 1875 को कौन-सा वार था ?

(ii) उपद्रव कहाँ पर हुआ था ?

(iii) सड़कों पर क्या जलाया गया ?

(iv) उपद्रव के लिए कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया ?

***That day in Supa***

*On 16 May, 1875 the District Magistrate of Poona wrote to the Commissioner of Police :*

I came to know about this disturbance when I came to Supa of Saturday, 15 May, A moneylender's house was completely burnt down, About a dozen houses were broken into and all the stuff inside them was set of fire. Accounts, bonds, grains, country cloth, were brought to the Roads and burned, where heaps of ashes can still be seen.

The chief constable arrested 50 people. Approximately Rs. 2,000 the stolen goods were recovered. Estimated more than Rs. 25,000 was a loss. Money-lenders claim that more than one lakh Rs. has been a loss.

***Questions :***

(i) What day was 16th May, 1875 ?

(ii) Where was the disturbance occurred ?

(iii) What was burnt on the Road ?

(iv) How many people were arrested for the disturbance ?

## खण्ड – ङ

## SECTION – E

## (मानचित्र कार्य)

## (Map Work)

**34.** दिए गए ***भारत*** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए :

Locate the following places on the given political map of ***India*** :

(i) दांडी 1

Dandi

(ii) अमृतसर 1

Amritsar

(iii) अश्मक 1

Ashmaka

(iv) राखीगढ़ी 1

Rakhigarhi

(v) बोधगया 1

Bodhgaya

(केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए)

**(For Blind Candidates Only)**

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* **34** *के स्थान पर हैं :*

*The following questions are only for* ***Blind Candidates*** *in lieu of Question No.* **34** :

(i) वह स्थान जहाँ पर गाँधी जी ने नमक कानून तोड़ा। 1

That place where Mahatma Gandhi Ji broke the Salf Law.

(ii) वह स्थान जहाँ पर जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ। 1

That place where the Jallianwala Bagh massacre took place.

(iii) दक्षिणी भारत का एक महा जनपद। 1

Great district of Southern Ancient India.

(iv) हरियाणा में सिन्धु घाटी की सभ्यता का प्रमुख केन्द्र। 1

Major center of Indus Valley in Haryana.

(v) वह स्थान जहाँ पर महात्मा बुद्ध को सच्चा ज्ञान प्राप्त हुआ। 1

That place where Mahatma Buddha attained true knowledge.